**केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड**

**(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)**

परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,

दिल्ली - 110032

सं.सी.27011/4/2018 हिंदी पत्राचार/प.व.ज.मां./2019/५१२ दिनांक : 25.01.2021

## परिपत्र

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दिनांक 19.01.2021 के कार्यालय ज्ञापन सं.ई-11014/13/2019-रा.भा.(का.) के माध्यम से मंत्रालय की हिंदी पत्रिका 'पर्यावरण' के 70वें अंक में प्रकाशन हेतु प्रविष्टियां मांगी गई हैं। इसके लिए पर्यावरण से संबंधित विभिन्न विषयों, यथा पर्यावरण, पारिस्थितिकी, प्रदूषण, वानिकी, वन्य जीव, पशु-पक्षी आदि पर **केवल हिंदी** में स्वरचित, मौलिक और अप्रकाशित उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख आमंत्रित किए गए हैं।

मंत्रालय के उपर्युक्त कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, अधिकतम 1000 शब्दों की सीमा की प्रविष्टियां सफेद कागज पर डबल स्पेस में यूनिकोड समर्थित हिंदी सॉफ्टवेयर (मंगल फॉंट) में टंकित तथा व्याकरण और वर्तनी की दृष्टि से विधिवत जांच के पश्चात् वर्ड फार्मेट में भेजी जानी चाहिए।

तद्नुसार, उक्त पत्रिका के लिए लेख आदि देने के इच्छुक केंद्रीय बोर्ड के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि अपने लेख आदि **31 जनवरी, 2021** से पूर्व राजभाषा प्रभाग, केंद्रीय बोर्ड, दिल्ली को प्रेषित करें। लेखों को ई-मेल rajbhasha.cpcb@gmail.com पर भी अवश्य भिजवा दें ताकि इसे मंत्रालय को समय से प्रेषित किए जा सके।

(अवधेश तिवारी)
सहायक निदेशक (रा.भा.)

वितरण:

1. सभी प्रभाग/अनुभाग प्रभारी - कृपया इसे अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों में परिचालित करें।
2. प्रभारी, आई.टी. प्रभाग - कृपया इसे केंद्रीय बोर्ड के वेबसाइट पर अपलोड करें।
3. अध्यक्ष, केंद्रीय बोर्ड के निजी सचिव - सादर सूचनार्थ
4. सदस्य सचिव के निजी सचिव
5. सभी सूचना पट्ट
6. रा.भा. प्रभाग की संबंधित फाइल